राजनीतिक तरकस

RNI NO.: DELHIN/2016/70363

देश का सबसे तेज साप्ताहिक

मूल्य : ₹5

राष्ट्रीय विचार, सटीक समाचार





■ वर्ष : 01 ■ अंक : 10 ■ पृष्ठ : 08 ■ नई दिल्ली ■ बुधवार ■ 30 नवम्बर, 2022 ( 30 नवम्बर से 06 दिसम्बर 2022 ) ■ Website: www.rajneetiktarkas.in

# दिल्ली में फिर से हम भगवा लहराएंगे: रमेश बिधूड़ी

**दिल्ली ब्यूरो**
Rajneetiktarkas.in

अपनी कड़कड़ाती सर्दी के लिए जानी जाने वाली दिल्ली का मिजाज इस बार दिसंबर की शुरूआत के बावजूद भी गरम बना हुआ है। मिजाज गरम हो भी क्यों न जनाब चुनाव जो चल रहे हैं। उस पर भी गर्मी तब और लाजमी हो जाती है जब प्रचार में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व शर्मा, दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी जैसे तेजतर्रार और फायरब्रांड नेता शामिल हों। नगर निगम में भी भाजपा के सबसे मजबूत किला माने जाने वाले दक्षिणी दिल्ली में कमल को खिलाए रखने की जिम्मेदारी पार्टी ने अपने दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी के कंधों पर डाली है। अपने स्वभाव के अनुकूल सांसद बिधूड़ी जब **जो राम को लाए हैं उन्हें हम फिर से लाएंगे, एमसीडी में फिर भगवा लहराएंगे** का नारा दोहराते हैं तो तालियों की गड़गड़ाहट, बुजुर्गों की मुस्कुराहट के साथ, युवाओं का जोश अपने चरम पर पहुंच जाता है।

यूं तो नगर निगम पर कब्जे के लिए दिल्ली के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करना भाजपा के लिए जरूरी है लेकिन निगम के बंटवारे के बाद से भाजपा ने दक्षिणी दिल्ली में जिस तरह का प्रदर्शन दो बार 2012 और 2017 में किया है उसको देखते हुए यह लाजिमी हो जाता है कि वह अपनी पहले के प्रदर्शन को बेहतर ना भी करे तो कम से कम उसे बरकरार आवश्यक रखें। इस बात का पार्टी को भी भलीभांति से एहसास है। इसी के



चलते दक्षिणी दिल्ली में **भगवत भक्ति संगठन शक्ति** की युक्ति को साधते हुए सांसद रमेश बिधूड़ी ने भी दक्षिणी दिल्ली के भाजपा प्रत्याशियों के कार्यालय का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ शुरू करवा कर अपनी लोकसभा के प्रत्याशियों के साथ रैली सभाओं झंडा लगाओ अभियान जैसे कार्यक्रमों से ना सिर्फ कार्यकताओं को चुनावी प्रक्रिया के लिए सक्रिय किया अपितु



स्वयं भी डोर टू डोर पंपलेट वितरण के साथ ही पार्टी से रुष्ट एवं अन्य कारणों से पार्टी छोड़ चुके पुराने कर्मठ कार्यकताओं को समझा-बुझाकर एक साथ लाकर धुआंधार प्रचार कर रहे है

अपनी सभाओं प्रेस कॉन्फ्रेंसओं सोशल मीडिया के माध्यम से भी केजरीवाल सरकार की गलत नीतियों शराब के ठेकों पानी के टैंकरों की वसूली सत्येंद्र जैन के तिहार मसाज प्रकरण को भी जोर शोर से उठाया जा रहा है साथ ही बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों की अराजकता को भी बड़ा मुद्दा बना रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम चुनाव में दिल्ली की सत्ताधारी एवं भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंदी आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की साफ सफाई नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित करने का जहां मुद्दा बनाया है वहीं भाजपा ने आम आदमी पार्टी के 8 साल के सुशासन की पोल खोलने के लिए उनके भ्रष्टाचार को मुख्य मुद्दा बनाया है। भाजपा जिस तरह से जेल में बंद केजरीवाल सरकार के कारागार मंत्री सत्येंद्र जैन के जेल के शाही ठाठ बाट वाली वीडियो जारी कर रही है उससे लड़ाई में भाजपा को शुरूआती बढ़त भी मिलती दिख रही है। यही नहीं भाजपा ने आम आदमी पार्टी की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि दिल्ली के चमचमाते स्कूल के दावों की पोल खोलने के लिए जहां एक तरफ क्लासरूमों के निर्माण में हुए घोटालों के सबूत लोगों के सामने रख रही है तो वहीं दूसरी तरफ व उनके फ्री बिजली और फ्री पानी के दावों की भी पोल खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

(शेष पृष्ठ >>7 पर)

# आप के दो क्षेत्रीय नेता भाजपा में शामिल, पार्टी छोड़ने वालों को धमका रहे आप नेता

राजधानी दिल्ली में एमसीडी चुनावों के बीच क्षेत्रीय नेताओं के दलबदल का दौर बदस्तूर जारी है। सोमवार के दिन आम आदमी पार्टी के दो नेता अधिकारिक तौर पर दिल्ली बीजेपी में सम्मिलित हो गए। जिन्हें विजय गोयल और राज्यसभा सांसद दुष्यंत गौतम ने पटका पहना कर पार्टी में शामिल किया। सबसे पहले सोमवार को हौज खास से आपके क्षेत्रीय नेता जगत भूषण सैनी ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की, जिसके बाद रोहिणी डी के क्षेत्र से आप की महिला नेत्री बिंदु श्रीराम। इन्होंने बीते दिनों टिकटों की खरीद-फरोख्त को लेकर आप पर




गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने भी आधिकारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बीजेपी के वरिष्ठ नेता विजय गोयल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सैकड़ों लोगों ने भ्रष्टाचार और बेईमानी के कारण पिछले कुछ दिनों में आम आदमी पार्टी छोड़ी है।

अब वो भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के साथ चुनावों के कामकाज में लग गए हैं। उन्हें लगातार आम आदमी पार्टी के नेता और लोग फोन पर धमकी दे रहे थे। आम आदमी पार्टी के ना सिर्फ प्रदेश कार्यालय बल्कि जिला और मंडल के कार्यालय में भी लोग बड़ी संख्या में उनका साथ छोड़ रहे हैं। जिन लोगों को आप छोड़ने के बाद लगातार धमकियां मिल रही है, मेरी उनसे बात हुई है। मैंने कहा डरने की जरूरत नहीं है अगर जरूरत पड़ी तो जिन भी लोगों को धमकियां मिल रही हैं वह एफआईआर भी जल्द करवाएंगे।

# आदेश गुप्ता ने गिनाए एमसीडी के काम

## केजरीवाल को दी दिल्ली सरकार के काम बताने की चुनौती

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में एमसीडी चुनाव के बीच आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच में जुबानी जंग जोरों पर है। सोमवार की सुबह बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस कर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल लगातार कहते हैं कि भाजपा शासित एमसीडी अपने दो काम बताए। आज मैं बीजेपी की सरकार के सौ काम बताने जा रहा हूं, लेकिन मैं अरविंद केजरीवाल को चुनौती देता हूं कि वह भी अपने 8 साल के कार्यकाल के कार्यों को जनता के सामने रखें।



बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने आगे अपनी बात रखते हुए कहा कि एमसीडी में शासन के दौरान बीजेपी ने दिल्ली को हराभरा, स्वच्छ, बेहतर बनाने के लिए बहुत से काम किए हैं। दिल्ली में बिल्डिंग की हाइट को बढ़ाने का जरूरी फैसला लिया गया है। जिसको 15 मीटर से बढ़ाकर 17.50 मीटर किया है। 15 मीटर हाइट में फ्लोर हवादार नहीं बन पाता था। वेंटिलेशन की समस्या होती थी 9.40 फुट तक ही रूम की छत होती है।लेकिन अब हाइट बाद जाने से राहत मिलेगी।

नई पॉलिसी में ओपन एयर रेस्टोरेंट खोलने, छत के ऊपर रेस्टोरेंट खोलने, दुकान के बाहर और छत पर काम करने की अनुमति दी गई है। इससे करोड़ों लोगों को फायदा हुआ है। जनता तक पहुंचाई जाने वाली सभी सुविधाओं को डिजिटल किया गया है। ऑनलाइन सर्टिफिकेट पर काम किया गया। जिसके बाद अब जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लोगों को एमसीडी के दफ्तर के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। कोई भी नागरिक जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, व्यापारी ट्रेड लाइसेंस और प्रॉपर्टी टैक्स ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। एमसीडी में पारदर्शिता है,हर सेवा ऑनलाइन की जा रही है।

दिल्ली नगर निगम पार्किंग की व्यवस्था करता है। पटेल नगर, मोती नगर, राजेंद्र नगर, लाजपत नगर, ईस्ट दिल्ली और साउथ दिल्ली में पार्किंग के लिए एमसीडी ने दिल्ली सरकार से अनुरोध किया। फिर भी जगह नहीं मिली जिसके बाद में डीडीए की ओर से केंद्र सरकार ने जगह दी। 17 मल्टीलेवल पार्किंग बना दी गई है। 100 से ज्यादा स्टेक पार्किंग बना कर समस्या के निवारण की ओर बढ़े हैं। दिल्ली सरकार के पास पीडब्ल्यूडी और डूसिब है। स्ट्रीटलाइट की व्यवस्था नहीं है। 5 सालों में 7.5 लाख स्ट्रीट लाइट को एलईडी में बदला है। आज दिल्ली चमक रही है, ऊर्जा की बचत हो रही है। एमसीडी ने अपने सभी भवन जोन, सिविक सेंटर, स्कूल, हॉस्पिटल में 60 प्रतिशत भवनों पर सोलर प्लांट लगाए हैं।

दिल्ली में 16 हजार पार्कों का रख रखाव एमसीडी करती है। इसमें 6 हजार पार्कों में ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध है।

# एमसीडी चुनाव: लेकर भाजपा का बड़ा दावा, 250 वार्डों में से 170 सीटों पर जीत की उम्मीद



राजधानी दिल्ली में आजकल चुनावी माहौल है। आम आदमी पार्टी, बसपा,कांग्रेस समेत सभी दल अपनी-अपनी अपनी जीत का दावा कर रहें हैं। भाजपा की ओर से कराए गए सर्वे के मुताबिक दिल्ली चुनावों में पार्टा को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने दावा किया है कि अगले महीने होने वाले एमसीडी चुनावों में भाजपा 250 वार्डों में से 170 पर जीत दर्ज कर सकती है। हालांकि इससे पहले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने 250 में 180 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया है।

दिल्ली भाजपा के मीडिया प्रमुख हरीश खुराना ने एजेंसी को बताया कि दिल्ली में 13 नवंबर से 25 नवंबर के बीच 43,750 मतदाताओं के सैंपल साइज वाला सर्वेक्षण किया गया। इसमें 170 सीटों पर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 150 वार्ड ऐसे हैं जहां भाजपा बहुत मजबूत स्थिति में है, जबकि 20-25 अन्य वार्ड हैं जहां अन्य दलों को बढ़त मिल रही है। दरअसल, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 250 वार्डों के लिए चुनाव 4 दिसंबर को होंगे। परिणाम 7 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।

वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने 250 में 180 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया है। भाजपा के आंतरिक सर्वे का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को आप की सच्चाई पता चल चुकी है। उन्हें पता चल गया है कि यह पार्टी कहती कुछ है और करती उसका बिलकुल उल्टा है। इसी वजह से भाजपा के प्रत्याशियों को भरपूर जनसमर्थन मिल रहा है। आदेश गुप्ता भाजपा के गृह संपर्क अभियान के तहत बलजीत नगर, रंजीत नगर, वेस्ट और ईस्ट पटेल नगर में लोगों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी को भी आंतरिक मूल्यांकन में 180 से ज्यादा सीटें मिलने का पता चला है। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली में आज भाजपा के नेता और कार्यकर्ता एक करोड़ से ज्यादा लोगों के घरों तक पहुंचे हैं।

2017 के एमसीडी चुनाव में 181 सीटों पर मिली जीत : 2017 के नगर निगम चुनावों में भाजपा ने 270 वार्डों में से 181 पर जीत हासिल की, जहां मतदान हुआ, आप और कांग्रेस को हराया। आप ने 48 वार्ड जीते थे जबकि कांग्रेस 30 नगरपालिका वार्डों तक ही सीमित थी।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक जितेंद्र तिवारी द्वारा इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-18/19/20, सी ब्लॉक, सेक्टर 59, नोएडा, उ.प्र.-201301 से मुद्रित तथा ई632/7 सी संगम विहार साउथ दिल्ली -110080 से प्रकाशित। प्रकाशित लेखों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र दिल्ली होगा। प्रधान संपादक : **जितेंद्र तिवारी** प्रबंध संपादक :**राजेश तिवारी**
RNI NO.: DELHIN/2016/70363 Email:tarkasnews@gmail.com Mob:9990170069 Website: www.rajneetiktarkas.in

# झुग्गी वालों को फ्लैट, सस्ता खाना, छठ घाट के जरिए गरीबों और पूर्वांचलियों को साधने के फेर में भाजपा

**दिल्ली ब्यूरो**
Rajneetiktarkas.in




नई दिल्ली/ दिल्ली नगर निगम चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र में झुग्गीवासियों को फ्लैट (आवास), 50 अन्नपूर्णा रसोई के जरिए पांच रुपये में भोजन, स्कूली छात्राओं को मुफ्त साइकिल, 1,000 स्थायी छठ घाट और नई गौशाला के साथ नगर निगम द्वारा संचालित अस्पतालों में पत्रकारों के लिए अलग काउंटर और पहचान पत्र जारी किए जाने का वादा शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनावों के लिए शुक्रवार को भाजपा का संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी किया, जिसमें सभी सेवाएं ऑनलाइन करने और कचरे का शत-प्रतिशत प्रसंस्करण करना भी शामिल है।

**भाजपा का 12 सूत्री संकल्प पत्र जारी**

संकल्प पत्र में कहा गया है कि 2023 तक तीन कचरा डालने के स्थानों (लैंडफिल स्थलों) से कूड़े के पहाड़ को हटा दिया जाएगा, घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र किया जाएगा और अगले पांच वर्षों तक 1,000 इलेक्ट्रिक वीइकल (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख आदेश गुप्ता ने 12 सूत्री घोषणापत्र पढ़ते हुए कहा कि एमसीडी की सभी सेवाओं को 100 दिनों के अंदर एक मोबाइल ऐप के जरिये ऑनलाइन किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हरित एवं स्वच्छ दिल्ली के लिए शत प्रतिशत कचरे का इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा। हर झुग्गीवासी को फ्लैट (आवास) मुहैया कराया जाएगा और 17,000 फ्लैट आवंटन के लिए बन कर तैयार हैं। भाजपा ट्रेड और हेल्थ लाइसेंस से भी निजात दिलाएगी और फैक्टरी लाइसेंस खत्म कर देगी।'

**सस्ता खाना, मुफ्त साइकिल का वादा**

गुप्ता ने यह भी ऐलान किया कि शहर में महिलाओं द्वारा संचालित 50 जन रसोई खोली जाएगी, जहां पांच रुपये में भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा, 'एमसीडी स्कूलों में मेधावी छात्राओं को मुफ्त साइकिल उपलब्ध कराई जाएगी और इस तरह के सभी स्कूलों को 2027 तक स्मार्ट स्कूल के रूप में उत्क्रमित (अपग्रेडेड) किया जाएगा।'

**पूर्वांचलियों को साधने के लिए छठ घाट बनाने का ऑफर**

भाजपा ने नगर निकाय चुनावों के बाद सत्ता में आने पर एमसीडी के उद्यानों में 1,000 स्थायी छठ घाट का निर्माण कराने का भी वादा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि दिल्ली एक महत्वपूर्ण शहर है, लेकिन आप सरकार के भ्रष्टाचार ने देश में नेताओं की छवि दागदार कर दी है। उन्होंने कहा, 'आप सरकार एमसीडी चुनाव में टिकट बेचने, जेल में बंद अपने मंत्री की मालिश और आबकारी नीति में अनियमितताओं पर जवाब देने में नाकाम रही है।'

**पत्रकारों के लिए भी घोषणा**

भाजपा के किसी भी संकल्प पत्र में पहली बार पत्रकारों को भी जगह मिली है। पार्टी ने चुनाव जीतने पर पत्रकारों के लिए पहचान पत्र जारी करने और एमसीडी द्वारा संचालित अस्पतालों में उनके इलाज के लिए अलग से काउंटर बनाए जाने का ऐलान किया है।

# हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर, भारत रक्षा मंच का नमन

**दिल्ली ब्यूरो**
Rajneetiktarkas.in



राष्ट्रवादी संस्था भारत रक्षा मंच नई दिल्ली के तत्वाधान में केंद्रीय कार्यालय बीपी हाउस के प्रांगण में हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि कर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि मंच के संस्थापक/ संयोजक सूर्यकांत केलकर, पूर्व सांसद राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा विजय सोनकर शास्त्री झारखंड से पूर्व सांसद बृजमोहन राम पूर्व आई आर एस अधिकारी संजय शरण रहे। कार्यक्रम के संयोजक मंच के प्रदेश अध्यक्ष नंदन झा ने बताया कि गुरु तेग बहादुर ने आस्था, विश्वास और अधिकारी की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। माना जाता है कि उनकी शहादत दुनिया में मानव अधिकारियों के लिए पहली शहादत थी। इसलिए उन्हें सम्मान के साथ हिंद की चादर कहा जाता है। गुरु तेग बहादुर की याद में उनके शहीदी स्थल पर एक गुरुद्वारा साहिब बना है। कार्यक्रम में मैं मंच के पदाधिकारी उत्तर क्षेत्र के प्रशांत चोपड़ा, एनसीआर प्रभारी पीके सिंघल, दिल्ली प्रदेश महामंत्री महिंद्र सिंह, महिला अध्यक्ष वंदना वत्स, फिल्म कलाकार अंजनी कुमार, उपाध्यक्ष संजू प्रया, दिल्ली प्रदेश मीडिया प्रभारी हरिहर रघुवंशी, प्रमुख मीडिया प्रभारी प्रेस सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री बृजेश कुमार उपाध्याय आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली में 1300 करोड़ के क्लास रूम घोटाले पर चुप क्यों है केजरीवाल : भाजपा

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार के स्कूलों में क्लास रूम बनाने के काम को करने के लिए टेंडर की प्रक्रिया को नियमों को ध्यान में रखते हुए पूरा नहीं किया गया। जिसका सच अब केजरीवाल सरकार के विजिलेंस डिपार्टमेंट के डायरेक्टर के एक पत्र से हुआ है। बब्बर एंड बब्बर एसोसिएट नाम की कंपनी को निजी तौर पर फायदा पहुंचाया गया जिससे 1300 करोड़ रुपये घोटाला हुआ है।

शुक्रवार को प्रेस वार्ता में भाटिया ने कहा कि डायरेक्टर विजिलेंस तो दिल्ली सरकार के अंतर्गत आता है। इस बीच दिल्ली सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर एक रिपोर्ट चीफ सेक्रेटरी को दी गई है। इस पूरे मामले को भी भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता हरीश खुराना और अन्य लोगों की ओर से उठाया गया है। गौरव भाटिया ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस सरकार को क्लास रूम बनाने थे वह बाहर रूम बना रही है।

अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया का यही चरित्र है। गौरव भाटिया ने तंज कसते हुए आगे कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जहां भी होंगे वहां भ्रष्टाचार होगा ही। दिल्ली के अंदर स्कूल बनाने थे लेकिन स्कूल नहीं बनाए गए।

भ्रष्टाचार से अपनी जेब भरने के लिए स्कूलों में कमरे बनाने का हवाला दिया गया। नियमों का उल्लंघन तो हो ही रहा है, बड़े स्तर का अनियमितताएं बरती जा रहे हैं। काम का ठेका जरूर दिया जाता है लेकिन उस काम को बढ़ा दिया जाता है और उसके लिए कोई टेंडर भी नहीं किया जाता है। सरकार की कार्रवाई होती है, रेट बढ़ा दिए जाते हैं और पेमेंट पहले ही कर दी जाती है।

राजनीतिक तरकस
राष्ट्रीय विचार, सटीक समाचार
वर्ष : 01, अंक : 10, नई दिल्ली, बुधवार, 30 नवम्बर, 2022



# जनसंख्या विस्फोट पर बिफरे गिरिराज...

## इंद्रेश बोले, नियंत्रण के लिए बने सख्त कानून, वउउ पर भी जोर

नई दिल्ली ब्यूरो
Rajneetiktarkas.in



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने कहा कि बढ़ती आबादी भारत के साथ साथ पूरे विश्व की समस्या है। अतः इसपर अतिशीघ्र कानून बनाया जाना चाहिए। साथ ही संघ नेता ने एक देश, एक झंडा, एक कानून का हवाला देते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड पर भी जोर दिया। दूसरी तरफ, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को यहां जनसंख्या नियंत्रण के लिए कानून लाए जाने की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि चीन ने अपनी जनसंख्या को नियंत्रित कर आर्थिक प्रगति का मार्ग अपनाया और भारत को भी अपने सीमित संसाधन देखते हुए ऐसा ही कानून लाना चाहिए।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर रविवार को जनसंख्या समाधान फाउंडेशन की ओर से जनसंख्या नियंत्रण पर कानून लाए जाने की मांग को लेकर रैली का आयोजन किया गया। रैली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार भी मौजूद रहे।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि भारत में बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए दो बच्चों का कानून बनाना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इसे किसी धर्म, जाति व संप्रदाय से नहीं जोड़ना चाहिए। जनसंख्या में वृद्धि होने से परेशानी सभी को होती है। आरएसएस का भी मानना है कि पूरे देश को एक मत होकर इससे संबंधित कानून बनाने पर विचार करना चाहिए। जहां तक वर्तमान सरकार की बात है तो वर्ष 2019 में 15 अगस्त के भाषण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि छोटा परिवार भी देश प्रेम है।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि वे जनसंख्या नियंत्रण के लिए लाए जाने वाले कानून का समर्थन करते हैं। भारत के सीमित संसाधन को देखते हुए यह जरूरी है। भारत में दुनिया की 18 से 20 प्रतिशत आबादी है और जमीन ढाई प्रतिशत और जल 4 प्रतिशत है। गिरिराज ने कहा कि यह कानून सभी मत, पंथ और संप्रदायों में समान रूप से लागू होना चाहिए। कानून को सख्त बनाया जाना चाहिए। उल्लंघन करने वालों को सरकारी लाभ से वंचित किया जाना चाहिए। वहीं उनका मतदान का अधिकार छीन लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन ने एक बच्चा पैदा करने की नीति से 60 करोड़ तक की आबादी रोकने का काम किया है। चीन में जहां हर एक मिनट में 10 बच्चे और भारत में हर मिनट में 30 से अधिक बच्चे पैदा हो रहे हैं।





केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के प्रयासों से इस दिशा में जागरुकता आई है।

संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के कारण कुछ राजनीतिक दल और नेता सोचते हैं कि मजहब के नाम पर जनसंख्या बढ़ाकर अपने सांसद और विधायक बढ़ा सकते हैं। इसलिए मजहबी जनसंख्या का असंतुलन भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया बढ़ती हुई जनसंख्या से प्रभावित और चिंतित है। विकास के लिए जरूरी है कि जनसंख्या नियंत्रण हो। हमारे देश में जनसंख्या अधिक है और प्राकृतिक संसाधन बेहद कम हैं।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि 1857 में 83 लाख वर्ग किलोमीटर का भारत था और जनसंख्या 35 करोड़ थी। 1950 में 31.5 लाख वर्ग किमी का भारत रह गया और जनसंख्या 34 करोड़ थी। आज भूमि उतनी ही है, लेकिन जनसंख्या 130 करोड़ से अधिक हो गई है। जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से परेशानी सबको हो रही है। वह चाहे हिंदू हो या मुस्लिम, सिख हो या ईसाई।

उल्लेखनीय है कि भारत अगले साल दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने जा रहा है। भारत की जनसंख्या चीन को पीछे छोड़ देगी। हालांकि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जनसंख्या वृद्धि दर अब स्थिरिकरण की ओर बढ़ रही है।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण काननू को मजहब से कभी नहीं जोड़े। वोट बैंक की राजनीति करने वाले लोग इसे मजहब से जोड़ कर देखते हैं जबकि मैंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश के 25 लाख मुसलमानों से मिलकर बात की है, ईसाइयों से मिला। उनके साथ बैठकर वार्ता की। बौद्ध, अनुसूचित जाति, जनजाति से इस विषय पर वार्ता की। सभी लोगों का कहना है कि जनसंख्या बढ़ने से सब परेशान हैं।

इंद्रेश कुमार ने कहा कि जहां तक मुसलमानों की बात है तो 74 साल में उनकी स्थिति क्यों नहीं सुधरी है। जबकि उनको अतिरिक्त सुविधाएं दी जा रही हैं। इस कानून को मजहब से वही लोग जोड़ने की बात कर रहे हैं जो उन्हें अब तक वोट बैंक समझते आ रहे हैं। वोट बैंक समझने वाले लोगों ने उस समाज की स्थिति को नर्क बनाने का काम किया है। उन्हें केवल अपनी सत्ता से मतलब है। समाज से कुछ भी लेना देना नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इसी रफ्तार से जनसंख्या बढ़ी तो आदमी आदमी को खाने पर मजबूर हो जाएंगे। इसी जनसंख्या वृद्धि के कारण विश्व की कितनी सभ्यताएं समाप्त हो गई। शक, हूण, कुषाण का अस्तित्व नहीं है। यह समस्या वैश्विक है। 200 करोड़ की धरती पर जब 1000 करोड़ लोग हो जाएंगे तब क्या स्थिति होगी, समझ सकते हैं।

# NIOS के 33वे स्थापना दिवस समारोह का किया गया आयोजन, राज्य शिक्षा मंत्री, डॉ. सुभाष सरकार भी रहे मौजूद

दिल्ली ब्यूरो
Rajneetiktarkas.in







राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (NIOS) द्वारा माननीय अध्यक्ष महोदया प्रो. सरोज शर्मा जी के कुशल नेतृत्व में दिनांक 23 नवंबर 2022 को 33वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से माननीय राज्य शिक्षा मंत्री, डॉ. सुभाष सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस समारोह में शिक्षा मंत्रालय के उच्चाधिकारीगण, एनआईओएस अध्यक्ष सहित सभी विभागाध्यक्ष तथा सभी कार्मिक, विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं के अध्यक्ष शामिल हुए। इस विशेष अवसर पर एनआईओएस के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एन. के. अंबष्ट जी और केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा की उपकुलपति माननीया प्रो. सुषमा यादव जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। एनआईओएस अध्यक्ष प्रो. सरोज शर्मा ने सभी अतिथियों तथा एनआईओएस के सभी कार्मिकों का स्वागत किया। अपने वक्तव्य में प्रो. सरोज शर्मा जी द्वारा एनआईओएस के स्थापना के 33वर्ष की यात्रा को रेखांकित करते हुए एनआईओएस की विशेष उपलब्धियों को बताया गया।

एनआईओएस शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत दो राष्ट्रीय शिक्षा बोर्डों में से एक है जो माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक स्तर तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ODL) के माध्यम से विद्यालयी शिक्षा प्रदान करता है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में एनआईओएस की भूमिका, शिक्षा नीति के सफल कार्यान्वयन हेतु एनआईओएस द्वारा किए जा रहे प्रयास, वर्चुअल ओपन स्कूल, डिजिटल लाइब्रेरी (DEEP), नेपिया प्रोजेक्ट, अग्निवीर परियोजना के लिए रक्षा मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन, मुक्त कौशल केंद्रों की स्थापना तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के विषयों के बारे में विस्तार से बताया गया। अध्यक्ष महोदया द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि एनआईओएस द्वारा इंडियन डाइसपोरा के लिए आरंभिका नामक पाठ्यक्रम का निर्माण किया जा रहा है।

इस अवसर पर एनआईओएस की 33 वर्षों की शैक्षिक प्रयासों की यात्रा पर आधारित एक वृत्तचित्र प्रस्तुत किया गया। इस वृत्तचित्र में ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप विजेता खिलाड़ी पुलेला गोपीचन्द ने बताया कि उनकी बैडमिंटन अकादमी में अधिकतर खिलाड़ी एनआईओएसस से ही शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर माननीय राज्य शिक्षा मंत्री जी द्वारा एनआईओएस की छमाही पत्रिका प्रज्ञान का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर एनआईओएस के पूर्व शिक्षार्थी सुश्री निरंजना तथा श्री विनोद कुमार चौधरी को भी सम्मानित किया गया। श्री विनोद कुमार ने कहा कि एनआईओएस में शिक्षा प्राप्त करने के कारण ही वे टाइपिंग के क्षेत्र में 10 बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड बनाने का श्रेय प्राप्त कर पाए हैं। एनआईओएस की गौरवान्वित शिक्षार्थी सुश्री निरंजना जी एक सफल वेंट्रिलोक्विस्ट हैं। एनआईओएस के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एन. के. अंबष्ट जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि तकनीक के युग में नवाचारों का प्रयोग करते हुए हमें प्रवासी भारतीयों (इंडियन डिस्पोरा) के लिए स्टैंड अलोन विषयों का निर्माण करने की आवश्यकता है। इससे हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020



के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेंगे। माननीया प्रो. सुषमा यादव जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षा नीति के आलोक में एनआईओएस की भूमिका बढ़ गई है। एनआईओएस में इतनी क्षमता है कि यह संस्थान आने वाले वर्षों में शिक्षा नीति के महती लक्ष्यों को प्राप्त कर सकेगा।

मुख्य अतिथि माननीय राज्य शिक्षा मंत्री ने अपने उद्बोधन में एनआईओएस के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं की अत्यंत प्रशंसा की और कहा कि एनआईओएस पूरे विश्व में ज्ञान का द्वीप प्रज्वलित कर रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव के विषय में बताते हुए उन्होंने उल्लेख किया कि आज छोटे बच्चे आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर लगभग 30-40 वर्ष के युवा होंगे जिनके कंधों पर राष्ट्र निर्माण का कार्य रहेगा। आगे उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने एनआईओएस को अनेक दायित्व सौंपे हैं जैसे- समावेशी शिक्षा संसाधनों का विकास करना, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रणाली का विस्तार करना, आवश्यकतानुसार सभी पाठ्यक्रमों को अधिक भाषाओं में अनुवाद करना, भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित पाठ्यक्रमों का निर्माण और प्रमुख विदेशी भाषाओं में अनुवाद कर भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करना, दीक्षा पर एनआईओएस की अध्ययन सामग्री को ले जाना इत्यादि। साथ ही उन्होंने एनआईओएस के बेसिक साक्षरता मूल्यांकन के अंतर्गत दस करोड़ वयस्कों को नामांकित किया जाना, सेवाकालीन शिक्षकों को प्रशिक्षण, सेवाकालीन शिक्षकों के लिए 100 दिनों का विशेष प्रशिक्षण, जेंडर ग्रीन परियोजना तथा योग में प्रशिक्षण आदि कार्यक्रमों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि एनआईओएस में एक भाषा विषय के रूप में भारतीय सांकेतिक भाषा की पहल राष्ट्रीय और

के

अंतरराष्ट्रीय पटल पर सहराई गयी है। भारतीय ज्ञान परंपरा को एक स्ट्रीम के रूप में आरंभ करना एक महत्वपूर्ण कदम है। एनआईओएस द्वारा दीप नामक ई-लाईब्रेरी के शुभारंभ को उन्होंने एक बड़ा कदम बताया। अंत में उन्होंने कहा कि यह संस्थान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा और शिक्षा की ज्योति जलाता रहेगा। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक नृत्यों और देशभक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुती दी गई। सचिव, एनआईओएस श्री पी. के. मोहंती जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# भू-तापीय गर्म पानी से बिजली के स्वदेशी उत्पादन में मील का पत्थर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम. एन. आर. ई.) भारत सरकार के संयुक्त सचिव, श्रीललित बोहरा (आई ए एस) द्वारा श्रीराम इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल रिसर्च दिल्ली के परिसर में भू- तापीय जल स्त्रोतों से बिजली के उत्पादन के लिए पहली स्वदेशी रूप से विकसित पायलट यूनिट का उद्घाटन 19 नवंबर, 2022 को किया गया। भू-तापीय स्त्रोतों की बहुतायत के साथ भारत दुनिया के शीर्ष कुछ देशों में शुमार है, जो गैर-जीवाश्म ईंधन और ऊर्जा स्त्रोतों का कम दोहन करने वालों में से एक है। इस अवसर पर श्रीराम इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. मुकुल दास ने कहा, हालांकि यह ज्यादातर दूरदराज के



क्षेत्रों तक ही सीमित है, लेकिन इसमें निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति का लाभ है।

संस्थान ने Renergizr इंडस्ट्रीज के साथ हाथ मिलाया जो भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा प्रायोजित इस परियोजना के लिए संस्थान के टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर में एक स्टार्ट- अप है। डॉ. मनमोहन कुमार और डॉ. भूपेश शर्मा के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की टीम के समर्पित प्रयासों से देश को यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। अब हम स्वदेशी रूप से विकसित कम उबलने वाले तरलत्र पदार्थों से संचालित टर्बाइनों का उपयोग करके उनमें काम करने वाले तरल पदार्थ के रूप में बिजली पैदा कर सकते है। अगले साल की शुरूआत में तेलंगाना राज्य के मनुगुरु में 20 किलोवाट बिजली उत्पादन के लिए

पहला संयंत्र चालू होने की उम्मीद है। गोदावरी बेसिन में पड़ने वाली साइट को सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के साथ साझेदारी कर विकसित किया गया है जहां 65-70 डिग्री गर्म पानी का डिस्चार्ज भी उपलब्ध है। डॉ. पी.बी. सरोलकर पूर्व उप. भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण, कोलकाता के महानिदेशक और भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण, नागपुर के भू-तापीय प्रभाग के निदेशक श्री विशाल सखारे उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित थे। और इन सभी ने इस पहल की सराहना की।

## पूर्वांचली वोटरों को लुभाने के लिए किराड़ी पहुंचे मनोज तिवारी




दिल्ली में आगामी निगम चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार अभियान अब जोर पकड़ने लगा है। पूर्वांचली वोटरों को अपनी तरफ करने के भोजपुरी स्टार और भाजपा सांसद मनोज तिवारी दिल्ली के किराड़ी इलाके में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। उन्होंने भोजपुरी अंदाज में 4 दिसंबर को भाजपा को वोट करने की अपील की। इस दौरान मनोज तिवारी ने दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर भी जमकर निशाना साधा।

राजधानी दिल्ली में जहां एक तरफ सर्दी का सितम धीरे धीरे बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ सियासी पारा गरम है। आगामी 4 दिसंबर को दिल्ली की 250 निगम सीटों पर होने वाले चुनाव के मद्देनजर प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। भाजपा हर वर्ग के वोटरों को अपनी ओर खींचने की कवायद में जुटी हुई है। इसी फेहरिस्त में पूर्वांचलियों का गढ़ माने जाने वाले किराड़ी विधानसभा में भाजपा सांसद मनोज तिवारी किराड़ी की जनता को संबोधित करने पहुचे।

इस अवसर उनके साथ सांसद हंस राज हंस और भाजपा के कई अन्य दिग्गज नेता भी मौजूद रहे। यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मनोज तिवारी ने आने वाली 4 तारीख को लेकर जनता से भाजपा को वोट करने की अपील की। इस दौरान पूर्वांचली वोटरों को भाजपा की तरफ खींचने के लिए वह भोजपुरी अंदाज में बोलते नजर आए। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर भी निशाना साधा। कहा कि इनके झूठे दावों को जनता समझ चुकी है। इसलिए इस बार दिल्ली की जनता भाजपा को अपना पूर्ण समर्थन देने जा रही है।

## केजरीवाल ने जैन को नहीं हटाया तो या तो अदालत या फिर लोग हटा देंगे : खट्टर

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मनोहर लाल खट्टर ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येंद्र जैन को मंत्रिमंडल से नहीं हटाने को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो या तो अदालत या लोग पीटकर उन्हें हटा देंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धनशोधन के मामले में जैन 31 मई से तिहाड़ जेल में बंद हैं।





खट्टर ने चार दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में शास्त्री नगर से भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के दौरान केजरीवाल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उन्हें ह्याधोखा देने और झूठ बोलनेह्व की आदत है। हरियाणा के मुख्यमंत्री खट्टर ने अपने राज्य से दिल्ली को पानी की आपूर्ति और पराली जलाने के मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में मैं इसका शिकार हुआ हूं।

केजरीवाल पहले हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने के मुद्दे को उठाते थे और दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ने पर इन राज्यों के किसानों को दोष देते थे। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, उपग्रह से ली गई तस्वीरों से पता चलता है कि पराली जलाने के कारण हरियाणा से कोई प्रदूषण नहीं है, लेकिन पंजाब में अभी भी पराली जलाई जा रही है जहां आप की सरकार है। इस साल पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने कांग्रेस को हराकर कृषि प्रधान राज्य में सरकार बनायी थी।

खट्टर ने कहा कि केजरीवाल ने पराली जलाने के लिए किसानों को दोषी ठहराया, लेकिन उन्होंने दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्थानीय स्त्रोतों जैसे सड़कों और निर्माण गतिविधियों से उड़ने वाली धूल और वाहनों के उत्सर्जन जैसे मुद्दों को हल करने की परवाह नहीं की। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में पानी का संकट था तो हरियाणा ने दिल्ली का पानी का हिस्सा 750 क्यूसेक से बढ़ाकर 1,019 क्यूसेक कर दिया। खट्टर ने कहा कि अगर पंजाब ने हरियाणा को पर्याप्त पानी छोड़ा होता तो राष्ट्रीय राजधानी के लिए पानी की कमी नहीं होती। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आप के भ्रष्टाचार की कहानियां आम हैं।

पराली जलाने से रोकने के लिए दिल्ली सरकार की पहल पर खट्टर ने दावा किया कि किसानों के नाम पर केजरीवाल सरकार ने बायोडीकंपोजर समाधान पर सिर्फ 40,000 रुपये और इसके वितरण पर 23 लाख रुपये खर्च किए हैं जबकि 14 करोड़ रुपये इसके बारे में प्रचार पर खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि केवल 300 किसानों को लाभ हुआ। खट्टर ने कहा, उन्होंने (दिल्ली में आप सरकार ने) करोड़ों रुपये के ऐसे कई घोटाले किए हैं और अब वे जेल के अंदर मजे कर रहे हैं।

राजनीतिक तरकस
राष्ट्रीय विचार, सटीक समाचार
7
वर्ष : 01, अंक : 10, नई दिल्ली, बुधवार, 30 नवम्बर, 2022

# लोकायता आर्ट गैलरी में कला उत्सव



लोकायता आर्ट गैलरी, हौज खास विलेज, साउथ दिल्ली में आज कल कंटेम्परेरी आर्टिस्ट्स का एक भव्य शो चल रहा है जिसे कि कमल आर्ट गैलरी और वनकन्या आर्ट ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें कई विधाओं के कलाकारों ने भाग लिया है इनमें से मुख्य नाम हैं रीयलिस्टिक पैन्टर्स में लक्ष्मण कुमार, जीत कुमार, ललिता जांगिड, कमल शर्मा, जीतेन्द्र राणा, प्रिंस चाँद, सेमी रीयलिस्टिक में कमल देवनाथ, रजनी वोहरा, अनस सुल्तान, पूनम सैनी, ऐनी शर्मा, सबरीना गिल, कौशिकी त्रिपाठी, डिम्पी सोनकर, वेणु वर्मा, रुचिका अग्रवाल, लता सिंगला, वाटर कलर फ्लोरल आर्ट में पूजा कुमार, लैंडस्केप आर्ट में निशा दयाल, रश्मि मल्होत्रा, स्पिरिचुअल आर्ट में मोहन लाल, एक्स्ट्रैक्ट आर्टिस्ट जतिन चौधरी, मधु ढींगरा, शिल्पकार सुनीता लाम्बा, वेन्डी जैस तथा सिरेमिक आर्टिस्ट गायत्री माथुर ने भाग लिया। इस कला मेले का शुभारम्भ 26 नवम्बर 2022 को हुआ जिसमे कि विशेष अतिथि थी मनीषा गवाडे, सजल पात्रा तथा बबिता पात्रा। इस में मनीषा गावा की शानदार स्पीच ने सबको प्रभावित किया जिसमे कि उन्होंने कला और कलाकारों से सम्बन्धित बहुत से प्रासंगिक मुद्दे उठाये जिन ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। इसके अगले दिन लोकायता आर्ट गैलरी के बाह्य प्रांगण में लाइव पेंटिंग और संगीत के समागम का आयोजन हुआ जिसमे की कई कलाकारों ने भाग लिया। इस आयोजन में कलाकारों, नवोदित कलाकारों ही नहीं बल्कि देशी और विदेशी टूरिस्ट्स का भी ध्यान अपनी ओर खींचा है। यह शो अभी 30 नवम्बर 2022 तक चलेगा। इस शो को देखने के लिये काफी दर्शक और कला प्रेमी उमड़े हैं जिसमें कि साधारण जनता से लेकर, ब्यूरोक्रेट, नेता तथा एम्बेसडर तक शामिल हैं। इस अद्भुत शो के आयोजक है कमल चिब तथा क्यूरेटर हैं डॉ गौरी श्रीवास्तव।

(पृष्ठ >> 1 का शेष) हर घर को नल से जल देने का वादा करने वाली दिल्ली सरकार दिल्ली के लोगों को पीने का साफ पानी भी मुहैया नहीं करा पा रही है।

**जरा बात कर लेते हैं दक्षिणी दिल्ली के प्रमुख प्रत्याशियों की:**

आमतौर पर दक्षिणी दिल्ली के हर सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिल रहा है। कुछ सीटों पर बहुजन समाज पार्टी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और निर्दलीय प्रत्याशी भी खड़े हैं लेकिन वह मुख्य दलों के प्रत्याशियों को अधिक चुनौती देते नहीं देख रहे हैं।

संगम विहार विधानसभा क्षेत्र के तहत संगम विहार (बी),संगम विहार (सी), तुगलकाबाद विस्तार वार्ड आता है।

(सी) वार्ड से भाजपा ने नीरज गुप्ता को मैदान में उतारा है तो आम आदमी पार्टी पंकज गुप्ता और कांग्रेस ने तरुण राज को टिकट थमाया है। इस सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के नीरज गुप्ता और आम आदमी पार्टी के पंकज गुप्ता के बीच माना जा रहा है। लंबे समय से राजनीति में हाथ अजमा रहे नीरज के सौम्य स्वभाव के चलते जनता पर काफी अच्छी पकड़ है इसलिए एक तरह से इन चुनाव में उनका पलड़ा काफी भारी माना जा रहा है। नीरज गुप्ता कें प्रचार के लिए आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बिधूड़ी कहते हैं कि केजरीवाल पांच सौ नए स्कूल बनाने का वादा किया था लेकिन 10 स्कूल भी नहीं बना पाए और किया क्या टॉयलेट को भी स्कूल के कमरों में गिन दिया। यह तो है अरविंद केजरीवाल का विकास मॉडल।यह उनका का विकास नहीं विनाश मॉडल है। केजरीवाल निगम के ठे-के के कर्मचारियों के नियमित करने का वादा करते हैं जबकि सच्चाई यह है कि इन्होंने निगम का 13000 करोड़ रूपया रोक दिया जिसके चलते ऐसे ऐसे कर्मचारी जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर के कोरोना के संक्रमण के दौरान दिल्ली की साफ सफाई की वह अपनी तनख्वाह के लिए तरसते रहे।

**कालकाजी विधानसभा सीट**

इसी तरह कालकाजी विधानसभा सीट के तहत श्रीनिवासपुरी, गोविंदपुरी और कालकाजी वार्ड आता हैं। श्रीनिवासपुरी से भाजपा ने राजपाल को मैदान में उतारा है तो आम आदमी पार्टी ने महिला उम्मीदवार इंदु तथा कांग्रेस ने कांता शर्मा को टिकट थमाया है। कालकाजी विधानसभा कि तीनों सीटों पर भाजपा का कब्जा रहा था। गोविंदपुरी से भाजपा ने चंद्र प्रकाश

**महरौली विधानसभा क्षेत्र**

श्रद्धा कांड के चलते काफी दिनों से चर्चा के केंद्र में रहे महरौली विधानसभा क्षेत्र के तहत मध्यमवर्गीय लोगों का ठिकाना माने जाने वाला लाडो सराय, दिल्ली के पास इलाकों में गिना जाने वाला वसंत कुंज और महरौली वार्ड आता है। लाडो सराय से भाजपा ने प्रवेश सेजवाल आम आदमी पार्टी ने राजीव और कांग्रेस ने महिला उम्मीदवार अनीता को मैदान में उतारा है। लंबे समय से राजनीति में अपने हाथ आजमा रहे भाजपा उम्मीदवार प्रवेश को इस सीट के प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। वसंत कुंज में भाजपा ने जगमोहन मेहलावत आम आदमी पार्टी ने अमरजीत जबकि कांग्रेस ने नवीन यादव को मैदान में उतारा है। इसी तरह महरौली विधानसभा से भाजपा ने इंदु शर्मा आम आदमी पार्टी ने रेखा जबकि कांग्रेस ने पुष्पा सिंह को टिकट थमाया है। महरोली वार्ड में मुख्य मुकाबला भाजपा की इंदु शर्मा और आम आदमी पार्टी की रेखा के बीच ही माना जा रहा है।

**छतरपुर विधानसभा:** छतरपुर विधानसभा के तहत छतरपुर, आया नगर एवं सैदुलाजाब वार्ड आता है। आया नगर से भाजपा ने महिला नेत्री मनीषा आम आदमी पार्टी ने हिमानी अंबावत जबकि कांग्रेस ने वेदपाल शीतल चौधरी को टिकट थमाया है। इसी तरह छतरपुर से भाजपा ने शिखा त्यागी आम आदमी पार्टी ने पिंकी त्यागी जबकि कांग्रेस ने मनीषा को मैदान में उतारा है। तीनों दलों की महिला प्रत्याशियों में मुख्य मुकाबला भाजपा कि शिखा त्यागी और आम आदमी पार्टी की पिंकी त्यागी के बीच माना जा रहा है। सैदुलजॉब से भाजपा ने कमल यादव आम आदमी पार्टी ने उमेद सिंह जबकि कांग्रेस ने सुरेंद्र बल्हारा को मैदान में उतारा है। यहां पर मुख्य मुकाबला सुरेंद्र पधारा और कमल यादव का माना जा रहा है।

**पालम विधानसभा क्षेत्रः** पालम विधानसभा क्षेत्र के तहत मधु विहार महावीर एंक्लेव और साध नगर वार्ड आते हैं। चलिए बात करते हैं निगम के वार्ड के अनुसार प्रत्याशियों की स्थिति को लेकर। मधु विहार वार्ड से भाजपा ने सुषमा राठी को मैदान में उतारा है तो आम आदमी पार्टी ने नेहा गोस्वामी जबकि कांग्रेस ने ईसा बिश्नोई पर भरोसा जताया है। मधु विहार में मुख्य मुकाबला भाजपा के सुषमा राठी और कांग्रेस की ईशा बिश्नोई के बीच माना जा रहा है। महावीर एनक्लेव में भाजपा ने राजकुमार आम आदमी पार्टी ने अजय राय और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने जयकरण को मैदान में उतारा है। इस सीट पर भी मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। जबकि साध नगर से भाजपा ने इंदर कुमार आम आदमी पार्टी ने संगीता और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने प्रवीण डोगरा को मैदान में उतारा है। इस सीट पर मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच देखने में आ रहा है।

**बिजवासन विधानसभा क्षेत्र:**

दक्षिणी दिल्ली के ही बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के तहत बिजवासन, कापसहेड़ा, राजनगर, महिपालपुर और द्वारका वार्ड आता है।

उच्च मध्यमवर्गीय बहुल आबादी वाले द्वारका सीट से भाजपा ने सुषमा को आम आदमी पार्टी ने सुनीता जबकि कांग्रेस ने नेहा लोचवा को मैदान में उतारा है। महिपालपुर से भाजपा ने जाट बिरादरी से आने वाले इंदरजीत सहरावत तो कांग्रेस ने भी इसी जात से आने वाले कुणाल सहरावत और आम आदमी पार्टी ने जोगिंदर सिंह को इस वार्ड से मैदान में उतारा है। महिपालपुर में मुख्य मुकाबला भाजपा के इंद्रजीत सहरावत और कांग्रेस के कुणाल सहरावत के बीच माना जा रहा है। इसी तरह कापसहेड़ा से भाजपा ने सुषमा तो आम आदमी पार्टी ने आरती यादव और कांग्रेस ने लक्ष्मी देवी को मैदान में उतारा है।भाजपा ने राजनगर से अरुण रावत आम आदमी पार्टी ने पूनम भारद्वाज जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कृष्णा शर्मा को मैदान में उतारा है। तीनों दलों से काफी मजबूत प्रत्याशी होने के कारण इस सीट पर वास्तविक तिकोना संघर्ष देखने को मिल सकता है।

**तुगलकाबाद विधान सभा क्षेत्रः** के तहत पुल पहलाद पुर, हरकेश नगर, और तुगलकाबाद नगर निगम वार्ड आता है। पुल पहलाद पुर से भाजपा ने मुंशीरम आम आदमी पार्टी ने राकेश लोहिया तो कांग्रेस ने सतीश कुमार को मैदान में उतारा है। इसी तरह हरकेश नगर सीट से भाजपा ने ममता देवी, आम आदमी पार्टी ने ममता, और कांग्रेस ने निशा को टिकट पकड़ाया है। ऐसे यह देखना रोचक होगा कि हरकेश नगर में भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी की ममता हावी होती है या कांग्रेस की निशा छा पाती है।

इसी तरह मीठापुर वार्ड से भाजपा ने गुड्डी रविंद्र चौधरी, आम आदमी पार्टी ने रीता और कांग्रेस ने अमीरी देवी को मैदान में उतारा है। मीठापुर में भी मुख्य मुकाबला गुड्डी रविंद्र चौधरी और कांग्रेस की अमीरी देवी के बीच माना जा रहा है।

राजनीतिक तरकस
देश का सबसे तेज साप्ताहिक
राष्ट्रीय विचार, सटीक समाचार
वर्ष : 01, अंक : 10, नई दिल्ली, बुधवार, 30 नवम्बर, 2022



# 8 साल की गुंजन सिन्हा ने जीती ट्रॉफी

## बताया- रकम से पापा को गाड़ी गिफ्ट करना चाहती हूं




पॉपुलर डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 10 का टेलीकास्ट कल रात (नवंबर 27) हुआ जिसमें 8 साल की गुंजन सिंह को विजेता घोषित किया गया। असम की रहने वाली गुंजन को ट्रॉफी के साथ-साथ 20 लाख रुपए प्राइज मनी भी मिला। बता दें, गुंजन के साथ टीवी एक्ट्रेस रुबीना दिलाइक और सोशल मीडिया influencer फैसल शेख भी टॉप 3 कंटेस्टेंट्स में पहुंचे थे। दैनिक भास्कर से बातचीत के दौरान, गुंजन ने बताया की वे अब डांस के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर भी फोकस करना चाहती हैं। बातों-ही-बातों में उन्होंने जीती हुई राशि से अपने पिता को गाड़ी गिफ्ट करने की ख्वाहिश भी जताई। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा-

**पहले दिन से ही शो जीतने की तैयारी में जुट गई थी**

ये शो का ट्रॉफी अपने नाम करके मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा हैं। मेरे माता-पिता मुझपर गर्व कर रहे हैं, इससे बड़ी बात क्या हो सकता हैं। सभी कंटेस्टेंट्स ने बहुत मेहनत की चाहे वो रुबीना दीदी हो या फैजु भैया लेकिन ट्रॉफी को किसी एक को ही मिल सकती है ना। जब पहली बार स्टेज पर आई तब बहुत नर्वस थी लेकिन अपने आपको बस



कह कर मोटिवेट करती थी की मुझे अपना बेस्ट परफॉरमेंस देना है। मैं पहले दिन से ही शो जीतने की तैयारी में जुट गई थी। काफी अच्छा लग रहा हैं की आखिरकार हम सभी की मेहनत रंग ले आई। सब कंटेस्टेंट के मुकाबले मेरा स्कोर हमेशा ज्यादा रहा।

5 साल की उम्र से ही मैंने डांस करना शुरू कर दिया था। पहले मैं टीवी देखकर डांस सीखती थी और जब पापा ने मेरा डांस के प्रति पैशन देखा तब डांस अकादमी ज्वाइन करवाया। इस जर्नी के दौरान मैंने अलग-अलग डांस फॉर्म्स किए - हिप हॉप, लॉकिंग, जैज आदि जो ऑडियंस और judges को बहुत पसंद आए। judges को इम्प्रेस करना आसान नहीं था। मैंने अपना पूरा पावर लगाया और मुझे हमेशा अपने परफॉरमेंस में 10-10 मार्क मिलते गए और इस बात से मैं हर बात प्रोत्साहित होती गई। सब कंटेस्टेंट के मुकाबले मेरा स्कोर हमेशा ज्यादा रहा।

**बड़ी होकर माधुरी मेम और सलमान सर को कोरिओग्राफ करना चाहती हूं**

मुझे माधुरी मेम बहुत पसंद हैं, खास तौर पर उनके एक्सप्रेशन। जिस तरह से वो बातें करती हैं, कमेंट्स देती हैं, वो बहुत अच्छा लगता था। अब जब ये शो खत्म हो गया हैं तो मैं उन्हें बहुत मिस करुंगी। मेरा सपना हैं की बड़ी होकर मैं माधुरी मेम और सलमान सर (खान) को कोरिओग्राफ करूं। लेकिन अभी फिलहाल मैं डांस के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर भी फोकस करना चाहती हूँ। घर लौटकर सबसे पहले अपनी पढ़ाई पर ध्यान दूंगी और फिर डांस पर।

**जीती हुई राशि से पापा को गाड़ी गिफ्ट करने की ख्वाहिश हैं**

20 लाख रूपए से मुझे अपने पापा के लिए गाड़ी खरीदनी हैं। मेरे पापा को गाडी बहुत पसंद हैं और मेरी ख्वाहिश हैं उन्हें इस जीती हुई रकम से उन्हें गाड़ी गिफ्ट करूं। मुझे पर्सनली मर्सिडीज बहुत पसंद हैं, तो पापा के साथ उस गाड़ी में बैठकर ड्राइव पर जाऊं।

# पाकिस्तान का दौरा करने से 17 साल तक क्यों कतराती रहीं क्रिकेट टेस्ट टीमें?

अंतरराष्ट्रीय खेल के मैदान पर चरमपंथी हमलों के बहुत कम मिसालें हैं।


सबसे पहला, और शायद सबसे बड़ा ऐसा हादसा 1972 के म्युनिख ओलिंपिक्स के दौरान हुआ था जब चरमपंथियों ने 11 एथलीटों का कत्ल कर दिया था। इस वाकये ने पूरी दुनिया को सकते में डाल दिया था।

इसके बाद खेल के आयोजनों में सुरक्षा बढ़ा दी गई और स्टेडियम या टीम जहां ठहरती थी ऐसी जगहों पर भी पहरा बढ़ा दिया गया और बिना जांच के आम आदमी के आने जाने पर रोक लग गई।

शायद इसलिए भी कि खेल के मैदान पर चरमपंथी हमले पर रोक लगाई जा सकी। लेकिन ये सिलसिला साल 2008 में पाकिस्तान में टूट गया जब एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को गोलियों का निशाना बनाया गया।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम से थोड़ी ही दूर लगभग सात मिनटों तक चले चरमपंथी हमले ने दसियों बरस क्रिकेट टीमों को पाकिस्तान आने से रोके रखा।

पाकिस्तान से कन्नी काटने वाली टीमों में इंग्लैंड भी रही जिसने हाल ही में व्हाइट बॉल क्रिकेट के लिए पाकिस्तान का दौरा किया और अब 17 साल के बाद उनकी टीम टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए पाकिस्तान




का दौरा करेगी।

आखिरी बाद इंग्लैंड ने 2005 में पाकिस्तान की धरती पर टेस्ट क्रिकेट खेला था।

इंजमाम उल हक की कप्तानी में पाकिस्तान की टीम ने माइकल वॉन की इंग्लिश टीम को 3 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 2-0 से हरा दिया था।

लेकिन उसके बाद अब तक किसी भी इंग्लैंड की टीम ने पाकिस्तान में टेस्ट क्रिकेट खेलने की हिम्मत नहीं की क्योंकि पाकिस्तान को क्रिकेट के लिए सुरक्षित जगह नहीं समझा जाने लगा।

एक दशक से भी ज्यादा समय तक ना सिर्फ इंग्लैंड की टीम, बल्कि दुनिया की कोई भी क्रिकेट टीम पाकिस्तान में सुरक्षा कारणों से खेलने से मना करती रही।

उससे पहले भी कई बार विदेशी टीमों ने पाकिस्तान का दौरा रद्द किया था। जरा देखते हैं किन कारणों ने पाकिस्तानी क्रिकेट को अंधियारी गली में धकेल दिया।

**श्रीलंकाई टीम पर कातिलाना हमला**

तीन मार्च, 2009 को श्रीलंका की टीम लाहौर में अपने होटल से गद्दाफी स्टेडियम दूसरा टेस्ट मैच खेलने के लिए निकली। टीम के खिलाड़ी और दूसरे सदस्य एक प्राइवेट बस में सवार थे।

उनके पीछे एक मिनी वैन में मैच के अंपायर सफर कर रहे थे। मेजबान पाकिस्तानी टीम इस कारवां से पांच मिनट पीछे चल रही थी।

लाहौर के लिबर्टी चौक के जैसे ही खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों का ये कारवां गुजरा कि वहां छुपे बैठे लगभग 12 चरमपंथियों ने हमला बोल दिया।

चरमपंथी एक-47, आरपीजी, ग्रेनेड और दूसरे खतरनाक हथियारों से लैस थे।

पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक पहले श्रीलंका की बस के टायरों पर गोलियां बरसाई गईं और फिर बस के अंदर सवार खिलाड़ियों को निशाना बनाने की कोशिशें की गईं। बस के ऊपर एक रॉकेट भी छोड़ा गया लेकिन उसका निशाना चूक गया और वो पास के एक खंबे से जा टकराया। बस के नीचे ग्रेनेड बम भी डाला गया, लेकिन बस उसके आगे निकल गई।

हिन्दी का राष्ट्रीय राजनैतिक साप्ताहिक
राजनीतिक तरकस
देश का सबसे तेज साप्ताहिक
राष्ट्रीय विचार, सटीक समाचार
प्रचार है तो व्यापार है,
अपने व्यवसाय, राजनीति से जुड़ी
वार /त्यौहार/ जयंती/ पुण्यतिथि/ चुनावी अभियान का विज्ञापन
अब देश के लोकप्रिय हिंदी अखबार
एवं डिजिटल न्यूज़ पोर्टल
'राजनीतिक तरकस'
में दें।

जुड़े अपनों के साथ ऑनलाइन बुकिंग की अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
Email:tarkasnews@gmail.com Mob:9990170069
Website: www.rajneetiktarkas.in